## ब्रह्माकुमारीज भोपाल द्वारा राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन सम्पन्न
## आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हुआ आयोजन
## ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग एवं मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति का आयोजन
### 'समाधानपरक मीडिया से समृद्ध भारत की ओर' विषय पर अखिल भारतीय अभियान का शुभारंभ
## वरिष्ठ पत्रकार स्व. प्रो. कमल दीक्षित जी की प्रथम पुण्य तिथि पर उनकी शिक्षाओं को याद किया

**भोपाल 13.03.2022**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के गुलमोहर कालोनी सेवाकेन्द्र, ब्रह्माकुमारीज मीडिया प्रभाग एवं मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति द्वारा उद्यमिता विकास केंद्र, अरेरा हिल्स भोपाल मे आज **आजादी के अमृत महोत्सव** के अंतर्गत '**समाधानपरक मीडिया से समृद्ध भारत की ओर** विषय पर राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया | सम्मेलन के दौरान अखिल भारतीय समाधान मूलक मीडिया अभियान का शुभारम्भ तिरंगा लहराकर एवं शिवबाबा का ध्वज लहराकर किया गया |

स्व. प्रो. कमल दीक्षित जी की प्रथम पुण्य तिथि पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं उनकी शिक्षाओं को याद किया गया |

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए **भारतीय जनसंचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी** जी ने सबसे पहले मूल्यानुगत मीडिया अभिक्रम समिति के संस्थापक प्रो.कमल दीक्षित को याद किया और कहा कि पत्रकारिता को मूल्यनिष्ठ बनाना प्रोफेसर कमल दीक्षित का सपना था। ग्रामीण पत्रकारिता और विकास पत्रकारिता पर भी उनका बहुत फोकस रहता था।

बतौर मुख्य वक्ता प्रो. द्विवेदी ने यह भी कहा कि मीडिया का काम समस्या का समाधान बताना भी है | पत्रकारिता सिर्फ सवाल खड़े न करे बल्कि समाधान भी खोजे। पत्रकारिता का उद्देश्य लोकमंगल की भावना होना चाहिए। किसी भी तरह के जीवन में मूल्यों पर डटकर ही कुछ किया जा सकता है। दुनिया को सुंदर बनाने के लिए मीडिया सबसे अच्छा माध्यम है। प्रो. द्विवेदी ने आगे कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई बातों का अनुसरण करना चाहिए। पिछली कमियों के बारे में बातें न करते हुए आगे आने वाले 25 सालों की योजना बनानी चाहिए। हमें हमारी स्किल्स के दम पर भारत को फिर से शिखर पर ले जाना है और विश्व विजयी बनना है। पत्रकारिता से मूल्यनिसठा की अपेक्षा करना गलत नहीं है | पत्रकारिता मे 99 पर्सेन्ट लोग बड़ी ईमानदारी से कार्य करते हैं | इसलिए अच्छे कार्य करिए न्यूनतम कर्तव्य का निर्वहन करिए |

**ब्रह्माकुमारी मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बी के सुशांत भाई जी** ने समाधान परक मीडिया से समृद्ध भारत की ओर विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले अभियान एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा स्पष्ट की |

**ब्रह्माकुमारीज, गुलमोहर कालोनी, भोपाल सेवाकेन्द्र प्रभारी बी के डॉ रीना दीदी, बताया कि** आदरणीय कमाल दीक्षित जी की प्रेरणा से भोपाल मे पिछले अनेक वर्षों से राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का आयोजन होता आया है, साथ हे कमल दीक्षित जी ने सम्पूर्ण भारत वर्ष विशेष रूप से मध्यप्रदेश के अंतर्गत लगातार मीडिया कर्मियों को सशक्त बनाने का कार्य किया, जिसके कारण मीडिया मे प्रकाशित सकारात्मक खबरों मे लगातार वृद्धि होती गई | **बी के डॉ रीना दीदी** ने राजयोग की अनुभूति कराकर सभी को परमात्मा से जोड़ने की विधि सिखाई |

**राज्यसभा टीवी के पूर्व कार्यपालक निदेशक राजेश बादल** ने भी मीडिया सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने मीडिया के गिरते मूल्यों को लेकर चिंता जताई और कहा कि पत्रकारिता की व्यवस्थाओं पर आंच आई है। पत्रकारिता की समृद्धता को पैकेज से तय नहीं किया जा सकता। समाज के अंदर भी मूल्यों में गिरावट हुई है। समृद्ध भारत तभी बन सकता है जब समूचे समाज का मानसिक स्तर अच्छा बने।

महाराष्ट्र से आए **वरिष्ठ पत्रकार एवं देशोन्नति समाचार पत्र के संपादक राजेश राजौरे** ने कहा कि मीडिया अगर सकारात्मक रहे तो समाज भी सकारात्मक बना रहेगा। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने अपने समाचार पत्र के फ्रंट पेज पर पिछले कई वर्षों से निगेटिव खबर नहीं छापी और इससे अखबार की सेलिंग पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

**माखनलाल विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ राखी तिवारी** ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक आदर्श संस्थान है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे राष्ट्र और समृद्ध भारत की परिकल्पना समाधान के माध्यम से ही संभव है। डॉ तिवारी ने प्रो. कमल दीक्षित को याद करते हुए कहा की प्रो. दीक्षित किसी भी कठिन बात को बहुत सरल तरह से कह जाते थे। वे जहां भी जिन भी पदों पर रहे वहां एक बहुत बड़ा वर्ग उनसे हमेशा प्रभावित हुआ। वे गुणवत्ता पूर्ण जीवन जीने के लिए समर्पित थे।

**दूरदर्शन भोपाल न्यूज विभाग प्रमुख पद से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पत्रकार विनोद नागर** ने भी मीडिया सम्मेलन में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हम अक्सर वर्तमान समय की पत्रकारिता की तुलना पुराने जमाने की मीडिया से  करते हैं। 1980 का मीडिया अलग था। अब नहीं सदी का मीडिया बदल चुका है। जहां संपादक या लेखक नहीं बचे। महज सोशल मीडिया नाम की तकनीकी के कारण समूचे मीडिया पर सवाल उठ रहे हैं।

**भोपाल ज़ोन की क्षेत्रीय प्रमुख राजयोगिनी अवधेश दीदी** ने कहा कि मीडिया के माध्यम से बदलाव संभव है और बदलाव से ही समृद्ध जा संभव है। प्रश्न को समस्या ना समझे प्रश्न समाधान हो सकते हैं। हमें स्वयं से बदलाव की शुरुआत करना चाहिए। व्यक्ति विश्व की इकाई है यदि व्यक्ति बदलेगा तो विश्व अपने आप बदल जाएगा।
उन्होंने आगे कहा कि हमें हमारी सोच को पावरफुल और सकारात्मक बनाना चाहिए। हमारा चरित्र ही ब्रह्मास्त्र है और चरित्र को सब पूजते हैं। मीडिया को भी चरित्रवान बनना चाहिए।

स्वदेश समाचार पत्र के प्रधान संपादक एवं पत्रकारिता भूषण सम्मान से सम्मानित  **वरिष्ठ पत्रकार  राजेंद्र शर्मा** ने संबोधित करते हुए कहा कि एकाकी तौर पर कुछ नहीं किया जा सकता हमें संगठित होने की जरूरत है यदि हम सभी मिलकर सकारात्मक हो जाएंगे तो भारत को समृद्ध बनाने से कोई नहीं रोक सकता। श्री शर्मा ने ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की उन्होंने प्रोफ़ेसर कमल दिक्षित को याद करते हुए कहा की वह हर परिस्थिति में सदैव चेहरे पर मुस्कुराहट रखते थे कोई भी परिस्थिति उन्हें विचलित नहीं कर सकी।

पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष एवं  मध्य प्रदेश माध्यम भोपाल के ओएसडी,, **पुष्पेंद्र पाल सिंह** ने प्रो.दीक्षित का स्मरण करते हुए कहा कि वे नए लोगों को अवसर देने का काम करते थे। उन्होंने आंचलिक पत्रकारिता के विकास के लिए जो किया वह बहुत सराहनीय है। सूचना क्रांति से बदलाव आया है या नहीं हमें इस बात पर चिंतन करना चाहिए। पत्रकार को सूचना के स्रोत का चयन सोच समझ कर करना चाहिए।

**ब्रह्माकुमारीज, इंदौर की मुख्य क्षेत्रीय संयोजिका, राजयोगिनी बी के हेमा दीदी** ने कमल दीक्षित जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मीडिया प्रभार के पूर्व अध्यक्ष आदरणीय ओम प्रकाश भाई जी एवं  कमल दीक्षित जी ने मिलकर मीडिया सेवाओं को एक नई दिशा दी | बीमारी के वाबजूद दीक्षित जी ने देश के अनेक स्थानों मे भ्रमण करके मीडिया के सैकड़ों कार्यक्रम किए | मूल्यानुगत मीडिया के द्वारा लगातार मीडिया कर्मियों को मूल्यों की ओर प्रेरित करते रहे | हेमा दीदी ने समाधान परक मीडिया से समृद्ध भारत की ओर अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएं भी दी |

कार्यक्रम के समापन सत्र में **श्री अनिल सौमित्र** क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय जनसंचार संस्थान, प्रो. पवित्र श्रीवास्तव जी, विभागाध्यक्ष, विज्ञापन एवं जनसम्पर्क विभाग माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल, **श्री सुनील शुक्ला**, एडिटर द सूत्र, **श्रीमती सुमन त्रिपाठी**, विशेष संवाददाता, दबंग दुनिया, भोपाल, **कुमारी ममता यादव**, वरिष्ठ पत्रकार , भोपाल, **श्रीमती रश्मी अग्रवाल**, राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख, भारत तिब्बत सहयोग मंच, **श्री राधा वल्लभ शारदा** , वरिष्ठ पत्रकार , भोपाल, **श्री जयराम शुक्ला** , वरिष्ठ पत्रकार , समलोचक तथा स्तंभकार, भोपाल, **श्री गीत दीक्षित**, वरिष्ठ पत्रकार, भोपाल ने विचार व्यक्त किए |

समापन सत्र की अध्यक्षता श्री संजय द्विवेदी जी, महानिदेशक, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली ने की |

कार्यक्रम मे कुमारी श्री, कुमारी डाली, कुमार जिगयांस ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए |

उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन बी के रावेन्द्र भाई, एवं समापन सत्र का संचालन बी के सोमनाथ भाई ने किया |
कार्यक्रम मे देशभर से पधारे सैकड़ों मीडियाकर्मी उपस्थित थे |

**(बी के डॉ रीना)**
ब्रह्माकुमारीज़ भोपाल
9425376197